तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 31 अक्टूबर 2025

9 विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने का किया आह्वान


10 मुरथल विवि में नया ऑर्डिनेंस बना विवाद का कारण


## खबर संक्षेप

### 26 को पंचकूला में एकजुट होंगे बिजली कर्मचारी

**गोहाना।** ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन की गोहाना यूनिट की बैठक गुरुवार को शहर में महम मार्ग स्थित मुख्य पावर हाउस में संपन्न हुई। बैठक में कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को पूरा करवाने को लेकर विचारविमर्श किया। बैठक की अध्यक्षता यूनिट प्रधान नितेश कुमार ने की व संचालन सचिव सोहन शर्मा ने किया।यूनिट प्रभारी सुरेश यादव ने कहा कि सरकार कच्चे कर्मचारियों को पक्का करे, पांच हजार रुपए महीना जोखिम भत्ता दिया जाए, क्लर्क के खाली पड़े पदों पर नियमित भर्तियां की जाएं, कर्मचारियों को वर्दी दी जाए, एक्सग्रेसिया पॉलिसी लागू की जाए और पुरानी पेंशन नीति बहाल की जाए। उनके अनुसार इन मांगों को पूरा करवाने के लिए 26 नवंबर को अतिरिक्त मुख्य सचिव के कार्यालय पर पंचकूला में प्रदर्शन किया जाएगा।

### कलावती विहार में दो पक्षों में मारपीट

**सोनीपत।** शहर के कलावती विहार क्षेत्र में बुधवार देर शाम दो पक्षों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। झगड़े के दौरान करुणा नामक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने उसे तुरंत उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही संबंधित थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को काबू में लिया। पुलिस ने दोनों पक्षों से पूछताछ शुरू कर दी है। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि विवाद आपसी कहासुनी के बाद बढ़ा, जिसके चलते दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर हमला कर दिया। घायल महिला के परिजनों ने आरोप लगाया कि दूसरे पक्ष ने पहले हमला किया, जिससे करुणा को गंभीर चोटें आईं। वहीं, पुलिस का कहना है कि मामले की पूरी जांच की जा रही है और दोनों पक्षों के बयान दर्ज किए जा रहे है।

### अलग-अलग सड़क हादसों में दो घायल

**सोनीपत।** शहर में गुरुवार को हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में एक व्यक्ति और एक बुजुर्ग महिला घायल हो गए। पहला हादसा बहालगढ़ निवासी कुंवर बहादुर सिंह के साथ हुआ। हादसे में उन्हें गंभीर चोटें आईं। मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें तुरंत नागरिक अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रेफर कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दूसरी घटना शहर के मोहन नगर क्षेत्र की है, जहां सड़क पार कर रही 60 वर्षीय महिला वाहन की चपेट में आ गई। हादसे में घायल महिला की पहचान मोहन नगर निवासी संतोष के रूप में हुई है। उन्हें उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस दोनों मामलों की जांच करने में जुटी है।

# आसमान में छाई स्मॉग की चादर ने बढ़ाई घुटन, एक्यूआई 330 पर पहुंचा

■ धीमी हवा और बादलों के कारण हवा में फंसे धूल व धुएं के कण ■ डॉक्टरों ने दी सावधानी बरतने की सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

दिवाली के बाद लगातार बढ़ते प्रदूषण ने जिले का माहौल दमघोंटू बना दिया है। वीरवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 330 दर्ज किया गया, जो बेहद खराब श्रेणी में आता है। वातावरण में हल्का स्मॉग छाने से लोगों को आंखों में जलन, गले में खराश और सांस लेने में परेशानी जैसी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

नागरिक अस्पताल के उप सिविल सर्जन डॉ. योगेश गोयल ने लोगों को स्वास्थ्य संबंधी सतर्कता बरतने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि ठंडा पानी पीने से बचें, क्योंकि इससे शरीर के भीतर गए प्रदूषक कण जम सकते हैं। घर से बाहर निकलते समय मास्क व चश्मा लगाएं और आंखों को नियमित पानी से धोएं ताकि संक्रमण का खतरा कम हो सके।



### हवा की गति तीन किमी. प्रति घंटा रही

विशेषज्ञों का मानना है कि प्रदूषण बढने का मुख्य कारण हवा की रफ्तार का घट जाना और बादलों का जमाव है। सुबह के समय हवा की गति केवल तीन किलोमीटर प्रति घंटा रही, जिससे धूल और धुएं के कण वातावरण में फंस गए। दोपहर के समय एक्यूआई बढ़कर 448 तक पहुंच गया था। हालांकि शाम तक मामूली सुधार के बाद यह 330 पर दर्ज हुआ।

### कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के कारण बादल छाए

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में सक्रिय कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के कारण बादल छाए हुए हैं। विक्षोभ समाप्त होते ही हवा की दिशा और गति सुधरने से एक्यूआई में कमी आएगी।
**-प्रेमदीप**, मौसम विशेषज्ञ, केवीके सोनीपत

### बादलों के कारण बढ़ी घुटन

बादलों के कारण घुटन बढ़ी और तापमान में हल्का उतार-चढ़ाव देखने को मिला। वीरवार को अधिकतम तापमान 28 डिग्री और न्यूनतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विशेषज्ञों का अनुमान है कि अगले सप्ताह पश्चिमी विक्षोभ के कमजोर पड़ने से मौसम में सुधार और प्रदूषण से आंशिक राहत मिल सकती है।

### नगर निगम ने तीन भट्ठियों को तोड़ा

इस बीच, प्रदूषण नियंत्रण के दावों के बावजूद शहर में कूड़ा जलाने की घटनाएं जारी हैं। वीरवार सुबह राजीव गांधी एजुकेशन सिटी के पास कूड़े में आग लगने से क्षेत्र में धुआं फैल गया। वहीं, नगर निगम ने ग्रैप नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए बहालगढ़ रोड पर सड़क किनारे बनी तीन भट्ठियों को तोड़ते हुए उनका सामान जब्त किया।


# सुभाष चौक पर अवैध कब्जे पर प्रशासन का एक्शन, 17 दुकानों पर चला बुलडोजर

## सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर ध्वस्त हुई चार दशक पुरानी दुकानें पुनर्वास का भरोसा मिलने पर दुकानदारों ने खाली की थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

सुभाष चौक स्थित कस्टोडियन की जमीन पर बनी 17 दुकानों को वीरवार को प्रशासन ने ध्वस्त कर दिया। सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के अनुपालन में की गई इस कार्रवाई में जिला राजस्व अधिकारी सुशील शर्मा और तहसीलदार कीर्ति मौजूद रहे। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। प्रशासन की कार्रवाई से पहले ही दुकानदारों ने सुबह अपनी दुकानें खाली करना शुरू कर दिया था।

यह जमीन वर्ष 1977 में तत्कालीन नगरपालिका के अधीन थी। उस समय पार्किंग और ग्रीन बेल्ट के लिए आरक्षित इस स्थान पर नगरपालिका ने दुकानों का निर्माण कर उन्हें किराए पर दे दिया था। जब इस त्रुटिपूर्ण निर्माण पर सवाल उठे, तो एक जनहित याचिका उच्च न्यायालय में दाखिल की गई। अदालत ने वर्ष 2009 में इन दुकानों को अवैध करार देते हुए हटाने के आदेश दिए थे। इसी आदेश के तहत 27 अक्तूबर 2009 को एक ओर की 11 दुकानें गिरा दी गईं, लेकिन एटलस रोड की तरफ की दुकानों के मालिकों ने अदालत से स्टे ले लिया था, जिससे कार्रवाई रुक गई। अब बृहस्पतिवार को प्रशासन ने एक्शन लिया।



### 14 सालों से लंबित था मामला

यह मामला करीब 14 साल तक अदालत में लंबित रहा। अंततः 19 जुलाई 2023 को पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश अनिल क्षेत्रपाल ने स्टे आदेश निरस्त करते हुए दुकानों को हटाने का रास्ता साफ किया। इसके बाद 16 अगस्त 2023 को प्रशासन ने दुकानदारों को नोटिस जारी कर दुकानें खाली करने के लिए कहा। 22 अगस्त को दुकानदारों ने अपना सामान निकालना शुरू कर दिया था, लेकिन इस बीच उन्होंने सुप्रीम कोर्ट से स्टेटस को (यथास्थिति बनाए रखने) का आदेश प्राप्त कर लिया, जिससे कार्रवाई एक बार फिर रुक गई थी।



### 2009 के बाद से किराया लेना किया था बंद

बाद में मामला सुप्रीम कोर्ट में चला, जहां नगर निगम ने अपने पक्ष में शपथ पत्र दायर कर बताया कि वर्ष 2009 के बाद से इन दुकानों से किराया लेना बंद कर दिया गया था और इनका निर्माण पूरी तरह अवैध था। तथ्यों की जांच के बाद सुप्रीम कोर्ट ने 4 दिसंबर 2024 को स्टे निरस्त करते हुए दुकानों को हटाने का आदेश दिया। अदालत के आदेश का पालन करते हुए वीरवार को प्रशासन ने इन दुकानों को ध्वस्त कर दिया।

### नगर निगम ने उठाए थे पुनर्वास के कदम

इस बीच, नगर निगम ने प्रभावित दुकानदारों के पुनर्वास के लिए भी कदम उठाए हैं। सेक्टर-23 स्थित सामुदायिक केंद्र में 3 अक्तूबर को हुई हाउस की बैठक में निगम ने इन दुकानदारों के पुनर्वास का प्रस्ताव पारित किया था। इसके तहत कबीरपुर के पास और बहालगढ़ रोड के साथ दो संभावित स्थलों को चिह्नित किया गया है, जहां से एक स्थान को अंतिम रूप दिया जाएगा

### दुकानदार बोले, नियमित रूप से दे रहे थे किराया

दुकानदारों ने प्रशासन की इस कार्रवाई को लेकर मिश्रित प्रतिक्रिया दी। दुकानदार हरि कौशिक, मदन लाल, रणधीर राठी और नरेंद्र कुमार ने बताया कि वे वर्ष 1977 से नगर पालिका में नियमित रूप से किराया जमा कर रहे थे। वर्ष 2009 के बाद किराया बंद कर दिया गया, लेकिन प्रशासन ने अब उन्हें आश्वासन दिया है कि पुनर्वास के लिए वैकल्पिक जगह उपलब्ध कराई जाएगी।

दुकानदारों ने कहा कि तहसीलदार की ओर से नोटिस मिलने के बाद उन्होंने स्वेच्छा से दुकानें खाली कर दी हैं और उम्मीद जताई है कि जल्द ही उन्हें पुनः रोजगार शुरू करने के लिए स्थान उपलब्ध कराया जाएगा। इस पूरी कार्रवाई को लेकर प्रशासन का कहना है कि न्यायालय के आदेशों का सम्मान करते हुए अवैध निर्माणों को हटाया गया है और किसी भी प्रभावित दुकानदार को उचित पुनर्वास देने की दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं।

**बेंच पर बैठने के विवाद में दो भाइयों पर किया था हमला**

## चाकू घोंपकर छात्र की हत्या के चार दोषियों को उम्रकैद

**सोनीपत।** सोनीपत के गांव पिपली खेड़ा में बेंच पर बैठने के मामूली विवाद के चलते छात्र की हत्या के चार दोषियों को अदालत ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। यह फैसला अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र की अदालत ने सुनाया। दोषियों में जयदीप, हर्ष, अमित और गुलशन शामिल हैं।



मामला सितंबर 2021 का है। मृतक के भाई समीर ने 28 सितंबर 2021 को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि कुछ दिन पहले उसके भाई इमरान का सहपाठी जयदीप से स्कूल की बेंच पर बैठने को लेकर विवाद हुआ था। मंगलवार को स्कूल की छुट्टी के बाद जब वह और उसका भाई इमरान घर लौट रहे थे, तभी जयदीप अपने साथियों हर्ष, अमित और गुलशन के साथ वहां पहुंचा और दोनों भाइयों पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें खानपुर कलां स्थित बीपीएस महिला मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान इमरान की मौत हो गई। पुलिस ने मामले में चारों आरोपितो को गिरफ्तार कर लिया था और अदालत में चालान पेश किया था। लगभग चार साल चली सुनवाई के बाद अदालत ने चारों आरोपितो को आजीवन कारावास (उम्रकैद) की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक पर जुर्माना भी लगाया गया है।

**अदालत की टिप्पणी : ऐसे मामलों में सख्त सजा ही समाज में निवारक प्रभाव डाल सकती है**

अदालत ने अपने आदेश में कहा कि यह घटना किशोरों के बीच बढ़ती हिंसक प्रवृत्ति की गंभीर मिसाल है और ऐसे मामलों में सख्त सजा ही समाज में निवारक प्रभाव डाल सकती है।

### कंपनी से टीन शेड का सामान चोरी, केस दर्ज

**गन्नौर।** जीटी रोड बड़ी के पास स्थित एक कंपनी से टीन शैड की एंगल, पत्तियां और अन्य सामान चोरी होने की घटना सामने आई है। कंपनी के मालिक राजू शर्मा ने इस संबंध में थाना बड़ी में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के अनुसार, राजू शर्मा पट्टी ब्राह्मणान के रहने वाले हैं और उन्होंने जीटी रोड बड़ी के पास नीलम ट्रेडर्स नाम से एक कंपनी खोली है, जहां गत्ते की पेटियां बनाई जाती हैं। राजू शर्मा ने बताया कि वह अपनी कंपनी में टीन शैड लगवाने का काम करवा रहे थे, लेकिन त्यौहार के कारण मिस्त्री और मजदूर अपने घरों को चले गए थे। इसी बीच 29 अक्टूबर को जब वह अपनी कंपनी में आए, तो उन्होंने देखा कि टीन शैड की एंगल, पत्तियां, नट-बोल्ट और अन्य सामान गायब था। इन चोरी हुए सामान का वजन लगभग 6 से 7 क्विंटल होगा। चोरी की घटना से कंपनी मालिक को काफी नुकसान हुआ है और उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी।

## सर्व कर्मचारी संघ के चुनाव 12 को

**सोनीपत।** जिला कार्यालय सर्व कर्मचारी संघ सोनीपत में सर्व कर्मचारी संघ जिला कार्यकारिणी की मीटिंग की गई। जिसके अध्यक्षयता जिला प्रधान देशराज नैन व मच संचालन जिला सचिव सुनील दत्त ने किया। मुख्य एजेंडा सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के सोनीपत जिले का चुनाव जो आने वाली 12 नवंबर को निर्धारित किया गया है। राज्य के वरिष्ठ नेता के द्वारा सभी पदाधिकारीयो को संबोधित किया गया और कहा गया कि पूरी तैयारी के साथ जिले का सम्मेलन किया जाएगा। बैठक में ब्लॉक जिला राज्य स्तरीय व विभागीय यूनियनों के पदाधिकारी पहुंचे। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।

### राज्य सचिव चहल व अन्य पदाधिकारी पहुंचे



जिसमें मुख्य तौर पर सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य सचिव बिजेंद्र चहल, जगविंदर सिंह, रिटायर्ड कर्मचारी संघ राज्य के नेता जय भगवान दहिया, हुडा विभाग यूनियन के जिला के प्रधान राकेश त्यागी, बिजली विभाग यूनियन के सर्किल सैकटरी देवेंद्र दहिया, विकास अध्यापक संघ के नेता जोगिंदर, दिनेश छिकारा, नगर पालिका जिला के प्रधान राजा भाई, दीपक बोहत, मुरथल यूनिवर्सिटी के प्रधान श्याम सुंदर, खरखोदा ब्लॉक के प्रधान प्रतीक, गन्नौर ब्लॉक के प्रधान नफीस, गोहाना ब्लॉक के नेता अर्जुन सहित अन्य शामिल हुए।

### सांदल खुर्द में खेत से मोटर व सामान चोरी

**गन्नौर।** सांदल खुर्द गांव में एक खेत के कमरे की झांकी तोड़कर चोरों ने मोटर और अन्य सामान चोरी कर लिया। इस घटना के बाद किसान संदीप उसन ने थाना बड़ी में शिकायत दर्ज करवाई है। संदीप का कहना है कि उसने अपने खेत में एक छोटा सा कमरा बना रखा था, जिसमें खेत से संबंधित कुछ सामान और 12.5 एचपी की पुरानी मोटर रखी हुई थी। घटना 27 अक्टूबर की रात की है, जब संदीप के खेत में स्थित ट्यूबवैल पर मोहित नामक युवक पानी दे रहा था। मोहित ने संदीप के खेत में 300 रुपये प्रति एकड़ की दर से पानी दिया और फिर ट्यूबवैल बंद करके घर चला गया।

### शिक्षकों की लंबित मांगों को लेकर डीईओ कार्यालय पर किया प्रदर्शन

**सोनीपत।** हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ संबद्ध सर्व कर्मचारी संघ एवं स्कूल टीचर्स फैडरेशन ऑफ इंडिया ने शिक्षा के सार्वजनिक ढांचे को बचाने व शिक्षकों की लंबित मांगों को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर ज़ोरदार प्रदर्शन करते हुए संबंधित अधिकारी के माध्यम से अतिरिक्त मुख्य सचिव शिक्षा विभाग हरियाणा के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इसकी अध्यक्षता जिला प्रधान नरेंद्र चहल ने व संचालन जिला सचिव दिनेश छिक्कारा ने किया। अध्यापक संघ के राज्य सचिव जोगिंद्र सिंह विशेष अतिथि ने बताया स्कूल टीचर्स फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के आह्वान पर अक्तूबर मास में पूरे देश के शिक्षक अपने अपने राज्यों में शिक्षा,शिक्षार्थी और शिक्षकों की समस्याओं को हल करवाने हेतु धरना दे रहे हैं। जिला प्रधान नरेंद्र चहल ने अध्यापकों को संबोधित करते हुए बताया की आज के प्रदर्शन की मुख्य मांग 2012 से पूर्व नियुक्त जे बी टी/सी एंड वी या पदोउन्नत टीजीटी को नियुक्ति के समय की शर्तों के अनुसार एसीपी का लाभ प्रदान किया जाए। व निदेशालय स्तर पर टीजीटी और पीजीटी के एसीपी मामलों का अतिशीघ्र निपटारा किया जाए।

# मुरथल विश्वविद्यालय में आखिरकार उठा लिया कूड़ा, दो साल से कर्मचारी व छात्र हो रहे थे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत अभियान के बीच मुरथल स्थित दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का प्रशासन सफाई व्यवस्था को लेकर बुरी तरह कटघरे में है। मीडिया में विश्वविद्यालय परिसर की गंदगी और कचरे के ढेरों पर खबर प्रकाशित होने के बाद ही प्रशासन हरकत में आया और सफाई शुरू की गई। इससे पहले विश्वविद्यालय के छात्रावासों और सरकारी आवासों के आसपास कई दिनों तक कूड़ा जमा रहा, जिससे दुर्गंध और मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया था।बताया गया है कि विश्वविद्यालय में पिछले दो वर्षों से बने कचरा निपटान गड्ढे की सफाई नहीं की गई थी। यही गड्ढा पूरे परिसर का मुख्य अपशिष्ट केंद्र है, जिसमें छात्रावास, क्वार्टर और दुकानों का कचरा एकत्र होता है। लगातार उपेक्षा के कारण यह गड्ढा पूरी तरह भर चुका था और परिसर में गंदगी फैल रही थी। छात्रों का कहना है कि प्रशासन सिर्फ दिखावे के लिए दीवारों पर स्वच्छता के फ्लेक्स लगाता है, लेकिन वास्तविकता इसके विपरीत है। कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई। दिवाली के आसपास परिसर में बढ़ती गंदगी से सभी परेशान थे।



हरिभूमि इंपेक्ट

### खबर छपते ही हरकत में आया विवि प्रशासन

*मीडिया में खबर आने के बाद ही प्रशासन ने सफाई कर्मचारियों को तैनात कर पूरे परिसर से कचरा हटवाया। छात्रों ने सफाई कार्य शुरू होने पर राहत तो जताई है, लेकिन उनका कहना है कि यह अभियान स्थायी होना चाहिए, न कि औपचारिकता मात्र।*

4.70 लाख छीनने का आरोप

## रुपयों से भरा बैग छीनने का आरोपी काबू, 19 हजार बरामद

**सोनीपत।** सेक्टर-27 शहर थाना सोनीपत पुलिस ने युवक से रुपयों का बैग छीनने की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान राहुल के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल की गई गाड़ी और छीने गए रुपयों में से 19 हजार रुपये बरामद किए है। थाना प्रभारी ने बताया कि 22 अक्तूबर 2025 को सचिन निवासी वेस्ट राम नगर, सोनीपत ने शिकायत दी थी कि वह अपने दोस्तों मोहित और देव के साथ गाड़ी देखने के लिए बहालगढ़ जा रहा था। रास्ते में फाजिलपुर अड्डे पर सिगरेट और कोल्ड ड्रिंक लेने के लिए गाड़ी रोकी। सचिन के पास एक काले रंग का बैग था जिसमें 4 लाख 70 हजार रुपये थे। उसी दौरान रायपुर की ओर से आई सफेद रंग की कार से एक युवक उतरा और सचिन के हाथ से रुपयों से भरा बैग छीनकर फरार हो गया। कार में दो से तीन अन्य युवक भी सवार थे।

### आरोपी दो दिन के रिमांड पर

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की और घटना के आधार पर थाना सेक्टर-27 में मामला दर्ज किया गया। अनुसंधान अधिकारी उप-निरीक्षक आशीष और उनकी टीम ने जांच के दौरान तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपित राहुल को गिरफ्तार किया। आरोपित से वारदात में प्रयुक्त कार और 19 हजार रुपये बरामद किए गए। पुलिस ने आरोपित को न्यायालय में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।

सात को महिला विश्वविद्यालय में आइडिया थॉन- 2025

## राष्ट्रीय आइडिया थॉन प्रतियोगिता में हिमांशी और सिमरन प्रथम

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां के कम्प्यूटर विज्ञान एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा आइडिया थॉनः 2025 (बड़ा सोचो, जोर से प्रस्तुत करो) कार्यक्रम 7 नवंबर को किया जाएगा। कम्प्यूटर विज्ञान विभाग के टेक क्लब, तरंग सोसायटी के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में आयोजकों द्वारा 4 थीम चयनित की गई हैं।



### 40 हजार रुपये का पुरस्कार जीता

चार थीमों में सस्टेनेबल टेक-एक स्वच्छ और टिकाऊ भविष्य के लिए नवाचार, एडटेक–प्रौद्योगिकी के माध्यम से शिक्षा में क्रांति, हेल्थकेयर इनोवेशन-बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए समाधान तैयार और ओपन इनोवेशन–किसी भी वास्तविक जीवन की समस्या के समाधान हेतु प्रभावशाली विचार प्रस्तुत विषयों पर आधारित हैं। विज्ञान विभाग की चेयरपर्सन डा. सोनल बेनीवाल ने बताया कि हाल में विभाग की छात्रा हिमांशी गोयल और सिमरन बाली ने चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी मोहाली में आयोजित राष्ट्रीय सत्र की आइडिया थॉन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल कर 40 हजार रुपये नकद पुरस्कार जीता था।

रोचक / शिखर चंद जैन

# बच्चों के मन को भाती प्यारी-अनोखी डॉल्स

बच्चो, तुम सभी को डॉल्स यानी गुड़ियों से खेलने में बहुत मजा आता होगा, है न! तुम ही नहीं दुनिया के अनेक देशों में रहने वाले बच्चे भी डॉल्स के संग खेलना पसंद करते हैं। जानो, देश-दुनिया में फेमस कुछ प्यारी-अनोखी डॉल्स के बारे में।

## अमेरिका की बार्बी डॉल्स

बार्बी डॉल को अमेरिका की बिजनेस वूमेन रूथ हैंडलर ने 1959 में तैयार किया था। पहली बार्बी डॉल ने चमकीले लाल होंठों के साथ एक स्मार्ट काले और सफेद धारीदार छोटी पोशाक पहनी थी, जो हॉलीवुड एक्ट्रेस मर्लिन मुनरो से प्रेरित थी। धीरे-धीरे बार्बी डॉल्स लोगों, खासकर बच्चों के बीच लोकप्रिय होने लगी। आज बार्बी डॉल केवल अमेरिका ही नहीं दुनिया भर के अनेक देशों में सबसे अधिक पसंद की जाने वाली डॉल मानी जाती है। *



## कर्नाटक की चन्नापटना डॉल्स



**चन्नापटना खिलौने,** लकड़ी से बनने वाले खिलौने और गुड़िया का एक विशेष रूप है, जो कर्नाटक के रामनगर जिले के चन्नापटना शहर में निर्मित किए जाते हैं। चन्नापटना को गोम्बेगाला ऊरू यानी खिलौनों के शहर के नाम से भी जाना जाता है। इन लकड़ी के खिलौनों को चन्नापटना में लाने का श्रेय मैसूर के शासक टीपू सुल्तान को दिया जाता है। उन्होंने स्थानीय कलाकारों को लकड़ी के खिलौने बनाने का प्रशिक्षण देने के लिए फारस से कलाकारों को आमंत्रित किया था, जिससे इस उद्योग को स्थानीय स्तर पर फलने-फूलने में मदद मिली। चन्नापटना खिलौने पूरी तरह रसायन मुक्त यानी केमिकल फ्री होते हैं। इन्हें सब्जियों और पौधों से निकाले गए जैविक रंगों और प्राकृतिक रंगों से रंगा जाता है। आजकल इन्हें बनाने में चंदन और आम की लकड़ी का उपयोग किया जाता है। इनका आकार अधिकतर गोल और कुंद किनारों वाले घनाकार होता है, इसलिए ये बच्चों के लिए पूरी तरह सुरक्षित हैं। चन्नापटना ट्वॉयज को जीआई टैग प्राप्त है। *



## जापान की दारुमा डॉल्स

**दारुमा, एक** पारंपरिक गोल, खोखली डॉल है। यह लचीलेपन, सौभाग्य और आध्यात्मिक एकाग्रता का प्रतीक है। आमतौर पर इनका रंग लाल होता है, लेकिन इसके डिजाइन अलग-अलग होते हैं। इसकी खासियत यह है कि इसकी आंखों में पुतलियां (प्यूपिल्स) नहीं होतीं। लोग इस डॉल से अपनी विश मांगते हैं, जब उनकी विश पूरी हो जाती है तो वे इसकी आंखों में कलर भरते हैं और इसकी पुतलियां बनाते हैं। यह डॉल सफलता तक हार न मानने के लिए प्रचलित एक जापानी मुहावरे 'सात बार गिरती है, आठ बार उठती है' का प्रतीक है। इस डॉल को अगर तुम गिराओगे, तो यह गिरने के बाद फिर से सीधी खड़ी हो जाती है। जापान में नए साल की शुरुआत में लोग दारुमा डॉल्स खरीदते हैं। इसकी एक पुतली पर रंग भरते हुए अपनी कोई इच्छा (विश) मांगते हैं। जब वह इच्छा पूरी हो जाती है, तो गुड़िया की दूसरी पुतली पर भी रंग भर दिया जाता है। इस डॉल को जापान में 'लकी चार्म' माना जाता है। *

## आंध्र प्रदेश की कोंडापल्ली डॉल्स

**कोंडापल्ली खिलौने** या कोंडापल्ली डॉल्स का इतिहास बड़ा ही दिलचस्प है। 16वीं शताब्दी में जब आर्य क्षत्रियों का समुदाय राजस्थान से कोंडापल्ली आया था तो वे अपने साथ खिलौने बनाने की कला भी लाए। पौराणिक मान्यता है कि उन्हें इसे बनाने का कौशल भगवान शिव ने सिखाया था। मंदिरों में इन खिलौनों को कोंडापल्ली बमालू कहा जाता है। ये खिलौने ग्रामीण भारत और हिंदू देवताओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। ये खिलौने टेला पोनिकी (सफेद चंदन की लकड़ी) के बने होते हैं। कोंडापल्ली गुड़िया या खिलौने को बड़ी खूबसूरती से तराशा और रंगा जाता है। अंतिम चरण में इसे अलसी के तेल में डाला जाता है, जिससे यह पानी से खराब नहीं होती। कोंडापल्ली डॉल के एक सेट में 24 डॉल्स मौजूद होती हैं। ये डॉल्स ग्रामीण समाज के विभिन्न वर्गों, जैसे- मछुआरे, पुजारी, जनजातीय लोग, किसान, संगीतकार आदि का चित्रण करती हैं। कई बार इन डॉल्स को कुछ इस तरह बनाया जाता है कि इसके टुकड़े जैसे- शरीर, सिर, कान, सूंड़ और पूंछ आदि अलग-अलग बने होते हैं और फिर उन्हें सोने के तार से जोड़ा जाता है। कोंडापल्ली डॉल्स, आंध्र प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान का हिस्सा हैं। कोंडापल्ली डॉल्स आंध्र प्रदेश के जीआई टैग हस्तशिल्प के रूप में भी पंजीकृत हैं। *



---

बच्चो, हनी बेजर इतना बुद्धिमान, बेखौफ और जुझारू एनिमल है कि जंगल का राजा शेर भी आमतौर पर इससे नहीं टकराता! आकार में छोटे, लेकिन साहस, बुद्धि और ताकत से भरपूर इस अनोखे जंतु के बारे में जानो कुछ अमेजिंग-इंटरेस्टिंग बातें।

# बुद्धिमान-साहसी-निडर हनी बेजर

अनोखा जंतु

रेखा शाह आरबी



बच्चो, जंगल में एक से एक आक्रामक, शिकारी और जहरीले जीव-जंतु निवास करते हैं। जंगलों में ही पाया जाने वाला हनी बेजर कई सारी खूबियों से युक्त एक लड़ाका (फाइटर) और बेखौफ जानवर है।

**नहीं डरता किसी से:** हनी बेजर एक निडर शिकारी जानवर है। जंगल का कोई भी जानवर, चाहे वो कितना भी विशाल, शक्तिशाली या जहरीला क्यों न हो, अगर इससे टकराए, तो यह पलटकर जोरदार वार करता है। यह इतना शक्तिशाली होता है कि कछुए के मजबूत खोल को अपने जबड़े से चीर-फाड़ देता है। यह अपनी मोटी खाल, नुकीले दांत और शक्तिशाली लंबे पंजे के बल पर अपने दुश्मनों को तगड़ी चुनौती देने की ताकत रखता है। आमतौर पर शेर भी हनी बेजर का शिकार नहीं करता, क्योंकि यह देर तक शेर का सामना करने की हिम्मत और ताकत रखता है।

**निवास-शारीरिक बनावट और जीवन काल:** हनी बेजर का वैज्ञानिक नाम 'मेलिवोरा कैपेंसिस' है। यह भारतीय उपमहाद्वीप से लेकर दक्षिण पश्चिम-एशिया और अफ्रीका में पाया जाता है। भारत में इसे 'बिज्जु' भी कहा जाता है। अपने देश में यह मुख्य रूप से उत्तर भारत के तालाब, नदियों के कगारों पर 25-30 फुट लंबी मांद बनाकर रहता है।

शारीरिक बनावट की बात करें, तो हनी बैजर के शरीर का ऊपरी भाग भूरा, बगल और पेट काला, माथे पर सफेद चौड़ी धारी होती है। इसकी त्वचा बहुत अधिक मोटी (गैंडा, जिराफ, भैंस जैसे जानवरों से भी अधिक मोटी) होती है। इसके पैरों में 5 मजबूत नाखून होते हैं, जो इसे जमीन खोदने में और मांद बनाने में मदद करते हैं। आमतौर पर वयस्क नर हनी बेजर का वजन 9 से 16 किलोग्राम और मादा हनी बेजर का वजन 5 से 10 किलोग्राम होता है। इसकी अनुकूलन क्षमता इसे अलग-अलग और कठोर परिस्थितियों में भी जीवित रहने में सक्षम बनाती है। हनी बेजर लगभग 24 वर्षों तक जीवित रहता है।

हनी बेजर बहुत बुद्धिमान भी होता है। यह शतुरमुर्ग के अंडों को तोड़ने के लिए पत्थरों का इस्तेमाल करता है। यह दीमक के टीलों पर जाकर लकड़ियां ठोकने के लिए भी पत्थर का इस्तेमाल करता है। *

### बुद्धिमान और माहिर शिकारी

हनी बेजर मूल रूप से सांप, बिच्छू, पक्षी, कीड़े, छोटे स्तनधारी, वनस्पति और फल खाता है। हनी बेजर मुश्किल से मुश्किल हालातों में भी भोजन ढूंढ़ने में माहिर होता है। यह दबे हुए शिकार को खोदकर निकाल लेता है। शहद और लार्वा के लिए मधुमक्खियों के छत्ते पर धावा बोल देता है। शिकार कौशल के अलावा यह भागने में भी माहिर होता है। जरूरत पड़ने पर पेड़ों पर चढ़ सकता है। पानी में तैर भी सकता है। मतलब कि यह हर सिचुएशन के हिसाब से अपने आप को ढाल लेता है।

---

कविता / डॉ. फहीम अहमद

## गौरैया



अच्छी लगती है गौरैया,
चीं-चीं की यह तेरी धुन!
तिनका-तिनका जोड़ सुहाना
नीड़ बना लेती कैसे?
नन्हा-मुन्ना घर बनने में,
लगते नहीं तनिक पैसे।
मुझे सिखा दे यही कला तू
मेरी इतनी विनती सुन!
सूरज के उगने से पहले,
नींद तुम्हारी खुल जाती।
मीठी-मीठी हवा बहे तो,
काया तेरी धुल जाती।
बैठ डाल पर चुपके-चुपके,
नई सुबह के सपने बुन!
यहां-वहां से, कहां-कहां से,
लाती है तू चुन-चुन के।
लाकर रोज खिलाती है तू
बच्चों को दाने-दुनके।
मुझे बहुत अच्छा लगता यह
तेरा मेहनत वाला गुन!

## हंसगुल्ले



**मोनू :** इस बार दिवाली पर मैंने एक रॉकेट छोड़ा तो वो सीधा आकाश से जा टकराया।
**सोनू (हैरानी से) :** अरे! फिर क्या हुआ?
**मोनू :** फिर क्या, आकाश की मम्मी ने मुझे खूब डांटा और मेरी मम्मी से भी मेरी शिकायत कर दी।

-संभव, रायपुर

**चिंटू :** अगर आलू किसी की हेल्प करे तो उसे क्या कहेंगे?
**मिंटू :** क्या कहेंगे?
**चिंटू :** दयालु।


-पलक, बिलासपुर

**सोनू :** ऐसी कौन-सी चाय है, जिसे पीने के बाद बहुत बुरा लगता है?
**मोनू (देर तक सोचने के बाद) :** मुझे नहीं पता, तुम बता दो।
**सोनू :** गिल्टी।

-कोमल, दुर्ग

## जीके क्विज-177

1. किस विश्वप्रसिद्ध फुटबॉलर को साल 2025 का गोल्डन बूट अवार्ड मिला?
2. हाल ही में कहां दीपावली के अवसर पर 26 लाख से भी अधिक दीये जलाकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया गया?
3. सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को किस दिवस के रूप में मनाते हैं?
4. पिछले दिनों किस तिथि को संयुक्त राष्ट्र दिवस मनाया गया?
5. विश्व प्रसिद्ध पुष्कर मेला किस राज्य में आयोजित होता है?
6. कौन-सा जीवाणु (बैक्टीरिया) दूध को दही में बदल देता है?
7. स्वतंत्र भारत के प्रथम रेल मंत्री कौन बने थे?
8. टेलीस्कोप (दूरबीन) की खोज किसने की थी?
9. विक्टोरिया मेमोरियल भारत के किस शहर में स्थित है?
10. प्रसिद्ध हिंदी उपन्यास 'गोदान' के लेखक कौन हैं?



बच्चों, जीके क्विज-177 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-176 का उत्तर :** 1.मारिया कोरिना मचाडो, 2.ज्ञानेश कुमार, 3.संयुक्त राज्य अमेरिका, 4.न्यूटन, 5.शतरंज, 6.विटामिन ए, 7.दुग्ध उत्पादन, 8.इंदिरा प्वॉइंट, 9.अरुणाचल प्रदेश, 10.लैक्टोमीटर

**जीके क्विज-176 का सही उत्तर देने वाले :** तनिष्क-राजनांदगांव, कबीर-हिसार, आद्या-उमरिया, अविनाश-ईमेल से, रमेश-बैकुंठपुर, रजनी-बलरामपुर, श्रद्धा-ईमेल से, कुसुम-बेमेतरा, प्रियांक-बलौदा बाजार, सोहम-कांकेर

---



कहानी

क्षमा शर्मा

नन्हे अंतरिक्ष ने इतनी जोरों से किक मारी कि उसकी फुटबॉल ना जाने कहां गायब हो गई। दादाजी ने कहा कि लगता है स्पेसशिप बनकर चांद पर चली गई है। यह सुनकर भोले-भाले अंतरिक्ष ने भी फुटबॉल पर बैठकर स्पेस पर जाने की सोची। स्वयं ही नहीं, घर के और लोगों को भी स्पेस पर ले जाने की सोची। लेकिन अंतरिक्ष की फुटबॉल गई कहां, क्या वह उसे मिली? पढ़ो, बहुत मजेदार कहानी।

# अंतरिक्ष की फुटबॉल



अंतरिक्ष के बड़े से बगीचे में तरह-तरह के गुलाब, लाल-पीले गेंदे और गुड़हल के गुलाबी फूल खिले हुए थे। बगीचे में हरी-हरी घास थी। शाम के समय कभी पापा, कभी बुआ, कभी मम्मा के साथ अंतरिक्ष टेनिस, बैडमिंटन या फुटबॉल खेलता था। टीवी पर फुटबॉल खिलाड़ियों को देख वैसे ही करतब करने की कोशिश करता। वह अकसर अपने दादाजी से बोलता, 'मैं रोनाल्डो बनूंगा, ऐसे गोल मारूंगा।' कहकर वह अपनी फुटबॉल की तरफ दौड़ता और जोर से किक जमाता। फुटबॉल कभी ऊपर टेरेस पर गिरती, कभी नीम के पेड़ में उलझ जाती। एक रात जब आसमान में पूरा चांद उगा था, अंतरिक्ष ने खेल-खेल में फुटबॉल उछाली, तो वह कहीं अटक गई। उसने फुटबॉल खोजने की कोशिश की लेकिन नहीं मिली।

'कहां गई?' अंतरिक्ष ने मम्मा से पूछा। वह बोलीं, 'कहां गई होगी, बाहर चली गई होगी। अब सवेरे जाकर खोजना।'

बुआ ने कहा, 'क्या पता आसमान में जो एक बड़ा पक्षी उड़ता हुआ दिख रहा था, वही उसे अपनी चोंच में दबाकर उड़ गया हो।'

दादाजी बोले, 'अरे वो पक्षी नहीं, वो जो तीन खरगोश बगीचे में घूमते हैं, हो सकता है, उनमें से कोई उसे मुंह में दबाकर भाग गया हो। अपने बच्चों और दोस्तों के साथ खेल रहा हो।' पापा ने बहुत अलग बात कही, 'मुझे तो लगता है, इसकी फुटबॉल स्पेसशिप बनकर चांद पर चली गई है।'

'स्पेसशिप..!' अंतरिक्ष मुस्कराया फिर कुछ सोचता हुआ बोला, 'अगर मैं उस पर बैठा होता तो मैं भी चांद पर चला जाता।' उसकी बात सुन पापा हंसे। 'ठीक है, मैं अपनी दूसरी फुटबॉल लाता हूं। वह भी स्पेसशिप बन जाएगी। मैं दादाजी के साथ उस पर बैठकर चांद पर जाऊंगा।' अंतरिक्ष ने चहकते हुए कहा। 'फिर वहां क्या करोगे?' पापा ने पूछा। 'दादाजी से मैथ्स पढ़ूंगा। होमवर्क भी कर लूंगा। सुना है चांद पर आइसक्रीम के पहाड़ हैं। खूब आइसक्रीम भी खाऊंगा। आपके लिए भी ले आऊंगा।' अंतरिक्ष ने मजे से जवाब दिया। 'और जब नींद आएगी तो..?' दादी ने पूछा। 'नींद आएगी तो सो जाऊंगा।' अंतरिक्ष ने झट से जवाब दिया। 'मगर कैसे सोओगे। तुम्हें तो तब तक नींद ही नहीं आती, जब तक अपने बिस्तर पर न सोओ। और मम्मा तुम्हें कोई कहानी न सुनाए।' दादी बोलीं। अंतरिक्ष तुरंत बोला, 'वहां मेरे दादाजी होंगे न। वो कहानी सुना देंगे।' अंतरिक्ष एक पल रुककर यह भी बोला, 'मेरे साथ मम्मा, पापा, दादी, मेरी बुआ सब साथ चलेंगे। पूरी छुट्टियां हम वहीं रहेंगे।' 'जितना बड़ा तू, उससे छोटी तेरी फुटबॉल। उसमें बैठकर कौन-कौन जाएगा? उसके लिए तो असली वाला स्पेसशिप लाना पड़ेगा। लेकिन कहां मिलेगा स्पेसशिप?' दादाजी ने पूछा।

'पापा दिलवा देंगे मुझे। मैं उसे चलाना भी सीख लूंगा।' अंतरिक्ष बोला। तभी बगीचे में खड़-खड़ सुनाई दी। देखा कि एक खरगोश गमले में लगी गोभी को खाने के लिए चढ़ा था। उसने दूसरा गमला गिरा दिया। गमला टूट गया था। सारी मिट्टी बिखर गई। 'दादाजी खरगोश!' अंतरिक्ष चिल्लाया। दादाजी बाहर आए और जोर-जोर से खरगोश को डांटते हुए पूछने लगे, 'क्यों भई, अंतरिक्ष की फुटबॉल कहां छिपाकर आए हो? जल्दी वापस लाओ। तुम्हें मालूम नहीं, उसे अपनी फुटबॉल से स्पेसशिप बनाना है और चांद पर जाना है।' कहते हुए दादाजी खरगोश की तरफ बढ़े, तो वह भागकर गमले के पीछे छिप गया और मौका पाते ही गायब हो गया। दादाजी बोले, 'देखो तुम्हारी फुटबॉल लेने गया है। अभी दे जाएगा।' 'लेकिन वह तो चांद पर चली गई।' अंतरिक्ष ने अपनी गोल गोल आंखें घुमाईं। 'क्या पता न गई हो। इसके पास हो। नहीं लाया, तो हो सकता है, जो तुम कह रहे हो वही ठीक हो।' दादाजी को अंतरिक्ष से फुटबॉल की बातें करते बहुत मजा आ रहा था। 'अंतरिक्ष आकर दूध पियो। सोने का समय हो गया। सबेरे टेनिस खेलने जाना है।' मम्मा कह रही थीं।

पापा उसके लिए दूध ले आए। अपने कमरे की तरफ बढ़ते हुए अंतरिक्ष रह-रह कर चांद को देख रहा था। उसे लग रहा था कि गोल चांद ही कहीं उसकी फुटबॉल तो नहीं। वह सोते वक्त बार-बार मम्मा से यही पूछ रहा था, 'अगर फुटबॉल चांद बन गई है, तो वह पीली कैसे हो गई? वह तो लाल थी और इतनी चमक क्यों रही है?' अंतरिक्ष के सोने के बाद दादाजी बाहर गए तो पड़ोस की सिंधु आंटी पेड़ों के बीच से झांकती हुई बोलीं, 'अरे, यह अंतरिक्ष की फुटबॉल हमारे ड्रम में आकर गिर गई थी। अभी पानी निकालने लगे तो दिखाई दी।' पापा ने उसे अंतरिक्ष की कुर्सी पर रख दिया। दादी बोलीं, 'सबेरे उठेगा तो पूछेगा कहां से आई?' 'कह देंगे कि चांद आकर दे गया। कह गया है कि एक रात वह अंतरिक्ष को खुद आकर ले जाएगा।' बुआ ने हंसते हुए धीरे से कहा। रात बहुत हो गई थी। अंतरिक्ष भी मीठे सपनों में खोया था। वह हाथ-पांव फेंक रहा था, जैसे कि फुटबॉल के पीछे दौड़ रहा हो। *

---

कविता

सूर्यकुमार पांडेय



एआई इमेज

## हम अच्छे इंसान बनें

बनना है तो चांद बनें,
शीतलता बिखरा दें हम ।
बनना है तो पवन बनें,
घर-घर मस्ती ला दें हम।
बनना है तो धूप बनें,
सबमें गरमाहट भर दें।
बनना है तो मेघ बनें,
धरती पर बारिश कर दें।
बनना है तो फूल बनें,
सभी ओर खुशबू बिखरे।
बनना है तो रूप बनें,
जो हर रोज नया निखरे।
अगर चाहते हैं दुनिया में,
हम भी बड़े-महान बनें।
उसकी पहली शर्त यही है,
हम अच्छे इंसान बनें।

---

## रंग भरो-188

**रंग भरो-188** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





**मयंक, गुना**



तमन्ना, कोरबा



ईशान, ईमेल से



हिताक्षी, महेंद्रगढ़



आस्तिका, चांपा



आन्या, दुर्ग

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

अनिकेत-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, राजन-भोपाल, कोमल-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, कुसुम-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, सोहम-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, राकेश-बालोद, साकेत-हिसार

## रंग भरो 189



बच्चो, यहां एक लड़के और जिराफ का एक प्यारा-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप

### आप महिला जिला उपाध्यक्ष प्रवेश भाजपा में हुई शामिल

**सोनीपत।** आप की महिला जिला उपाध्यक्ष प्रवेश सहरावत ने आज अपने सामाजिक संगठन व दर्जनों समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सहरावत ने बताया कि वह सोनीपत के मेयर राजीव जैन द्वारा शहर में किए जा रहे विकास कार्यों, स्वच्छता, जनसेवा और समर्पण की भावना से प्रेरित होकर भाजपा में शामिल हुई हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो जनहित, पारदर्शिता और विकास के मार्ग पर निष्ठा से कार्य कर रही है। विश्वास जताया कि पार्टी के नेतृत्व और कार्यप्रणाली के सहयोग से समाज के हर वर्ग तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाने का कार्य करेंगी।

### नेत्रदान से नई रोशनी का वरदान मिलेगा

**सोनीपत।** महात्मा आशानंद वधवा हिंदू मंच एवं दृष्टि सेवा समिति सोनीपत के तत्वावधान में स्वर्गीय सुदेश, धर्मपत्नी भीम सैन निवासी तारा नगर, और स्वर्गीय केशव देव तनेजा, सुपुत्र प्यारे लाल तनेजा निवासी नंदवानी नगर, के परिवारों की सहमति से मरणोपरांत नेत्रदान का महान कार्य संपन्न हुआ। यह पुण्य कार्य दिवंगतों के सुपुत्र हरीश और मुकेश तनेजा की सहमति से किया गया। हिंदू मंच सोनीपत के प्रधान हरिचंद स्नेही, महासचिव हरभगवान रहेजा तथा दृष्टि सेवा समिति सोनीपत के महासचिव नरेन्द्र भूटानी की प्रेरणा से यह नेत्रदान श्राफ नेत्र बैंक दिल्ली के नेत्र विशेषज्ञ डॉ. नरेन्द्र कुमार लोहमोर एवं उनकी टीम द्वारा करवाया गया।

### अस्पताल का हल्ला बोल टीम ने किया निरीक्षण

**सोनीपत।** जिला नागरिक अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए हल्ला बोल टीम ने वीरवार को औचक निरीक्षण किया। टीम ने अस्पताल परिसर में सफाई व्यवस्था, स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति, चिकित्सीय उपकरणों की स्थिति और दवाओं की उपलब्धता की बारीकी से जांच की। निरीक्षण के दौरान कई जगहों पर कमियां सामने आईं, जिन पर टीम ने नाराजगी जताई।
टीम ने लेबर रूम, वार्ड, केएमसी यूनिट और ऑपरेशन थिएटर सहित विभिन्न विभागों का दौरा किया। निरीक्षण में पाया गया कि रैंप पर लाइट की व्यवस्था नहीं थी, जिससे मरीजों और उनके तीमारदारों को परेशानी हो रही थी। वहीं, कुछ वार्डों में सफाई व्यवस्था अपेक्षित स्तर की नहीं मिली।

## पुलिस अधिकारियों ने कल्पना चावला स्कूल के विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने का किया आह्वान

# समाज में नशा मुक्त अभियान का हिस्सा बनें

### बच्चों में सही दिशा और जागरुकता लाने में अत्यंत सहायक सिद्ध होंगे कार्यक्रमः जसमेर खत्री

**दूसरों को भी नशे के खिलाफ जागरूक करें**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

चावला विद्यापीठ में विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया। एसएचओ पवन कुमार और एएसआई नीरज कुमार को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। पुलिस स्टेशन से एसएचओ और एएसआई ने विद्यालय पहुंचकर विद्यार्थियों को नशे से होने वाले नुकसान और इससे दूर रहने के उपायों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि 112 एकल आपातकालीन नंबर है । जिसका उपयोग भारत में किसी भी आपातकालीन स्थिति में किया जा सकता है। विद्यार्थियों को समझाया कि नशा न केवल स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, बल्कि यह जीवन और भविष्य दोनों को प्रभावित करता है। उन्होंने सभी से अपील की कि वे समाज में नशा मुक्त अभियान का हिस्सा बनें और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करें। प्राथमिक प्रभारी रितु और जसमेर खत्री ने पुलिस अधिकारियों का धन्यवाद करते कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों में सही दिशा और जागरूकता लाने में अत्यंत सहायक सिद्ध होंगे।



**खरखौदा।** पुलिस अधिकारियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते शिक्षक। फोटो :हरिभूमि


**खरखौदा।** नुक्कड़ नाटक के माध्यम से संदेश देते विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

**नुक्कड़ नाटक**

**खरखौदा।** शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय में धूम्रपान निषेध समिति द्वारा महाविद्यालय में नशा मुक्त भारत के तहत नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। यह नुक्कड़ नाटक महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ तराना नेगी के मार्गदर्शन में कराया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित किया कि नुक्कड़ नाटक समाज और परिवार को जागरुक करने का काम करते हैं। हमें ड्रग्स का सेवन नहीं करना चाहिए क्योंकि यह स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है। उन्होंने बताया कि हमें नशे से दूर रहना चाहिए। धूम्रपान भी सेहत के लिए हानिकारक होता है। धूम्रपान का भी शरीर पर बुरा प्रभाव पड़ता है। उन्होंने नशीले पदार्थों के सेवन करने से शरीर में कई प्रकार की बीमारियां उत्पन्न हो जाती है। यह मनुष्य की जीवन शैली और कार्यशैली को प्रभावित करती है।

## नशा मुक्त भारत का लिया संकल्प

**सीसीएस जैन कन्या कॉलेज में कार्यक्रम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

बड़ी थाना पुलिस की टीम ने वीरवार को सीसीएस जैन कन्या महाविद्यालय में नशा मुक्त भारत और मोबाइल उपयोग जागरूकता विषय पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को नशे की बुरी आदतों से बचने के साथ-साथ मोबाइल और इंटरनेट के उपयोग में संतुलन बनाने के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में थाना प्रभारी निरीक्षक महेश कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में छात्राओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा, ष्नशा केवल व्यक्ति के जीवन को ही नहीं, बल्कि समाज को भी अंधकार की ओर ले जाता है। नशे की लत से जीवन की गुणवत्ता घटती है और इसके कारण व्यक्ति मानसिक और शारीरिक रूप से कमजोर होता है। महेश कुमार ने युवाओं से अपील की कि वे अपने समय का सही उपयोग करें। उन्होंने कहा, आजकल के युवा इंटरनेट मीडिया और मोबाइल गेम्स में ज्यादा समय बर्बाद कर रहे हैं। इससे उनका ध्यान पढ़ाई और रचनात्मक कार्यों से भटक जाता है। आपको अपनी प्राथमिकताएं समझनी चाहिए।


जागरुकता कार्यक्रम के दौरान कालेज छात्राओं के साथ बड़ी थाना प्रभारी महेश कुमार।

### नशे की लत में पड़कर जीवन बर्बाद न करें : धर्मबीर

गोहाना। पुलिस प्रशासन द्वारा गुरुवार को गोहाना-जींद मार्ग स्थित नालंदा इंटरनेशानल स्कूल में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बरोदा थाना पुलिस टीम द्वारा विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों बारे अवगत करवाया। पुलिस ने विद्यार्थियों को साइबर अपराध और इंटरनेट के दुष्प्रभावों की जानकारी भी दी। पुलिस आयुक्त ममता सिंह के दिशा-निर्देशानुसार एवं पुलिस उपायुक्त गोहाना भारती डबास के मार्गदर्शन में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर यह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बरोदा थाना प्रबंधक निरीक्षक धर्मबीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने विद्यार्थियों को जागरूक किया। धर्मबीर सिंह ने कहा कि नशा व्यक्ति के जीवन को बर्बाद कर देता है। नशे की लत में पडकर जीवन को बर्बाद न करें। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया और इंटरनेट का सुरक्षित उपयोग करें। साइबर ठगी से बचने के लिए किसी अनजान लिंक पर क्लिक न करें और संदिग्ध कॉल को रिसीव न करें।

## ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल ने जीता खो-खो चैंपियनशिप का खिताब

**सोनीपत ब्लॉक में अव्वल रही टीम के खिलाड़ियों का स्वागत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) की लड़कियों की खो-खो टीम ने सोनीपत ब्लॉक की खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं के दौरान शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता बनने का गौरव हासिल किया। अंडर-11 आयु वर्ग के मुकाबले में इस टीम की खिलाड़ियों ने पूरे चैंपियनशिप में चुस्ती-फुर्ती व बेहतर तालमेल का प्रदर्शन करते हुए सभी को प्रभावित किया। अब यह टीम शुक्रवार से होने वाली जिला स्तरीय स्कूली खेल प्रतियोगिता में सोनीपत ब्लॉक का प्रतिनिधित्व करेगी । विजेता टीम का फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। स्कूल की प्राचार्या गीता चोपड़ा व उप प्राचार्या रूना दास ने इन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर कोऑर्डिनेटर नीरजा, महक व गीता राणा, श्वेता, नमिता, मधु, मीनाक्षी, मोनिका, बीना, कुसुम, ज्योति, सोनिया मदान, निशा, सीमा रानी, पारुल, कावेरी, मीनू, अर्चना, सुषमा, आहुति आदि मौजूद रही।


ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल की विजेता खिलाड़ी प्राचार्या गीता चोपड़ा व पीटीआई राखी के साथ।

### निगम प्रशासन पर भ्रष्टाचार का आरोप

**सोनीपत।** ठेका सफाई कर्मचारी एकता मंच, संबंधित मूलनिवासी कर्मचारी कल्याण महासंघ और सहयोगी बली सेना सोनीपत यूनियन का धरना आज लगातार 29वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता प्रधान मुकेश टांक ने की जबकि संचालन सहसचिव युधिष्ठिर ने किया। धरनारत कर्मचारियों ने नगर निगम प्रशासन और ठेकेदार पर मिलीभगत के आरोप लगाए। उनका कहना है कि भ्रष्ट प्रशासन और ठेकेदार की साजिश के चलते कर्मचारियों को पूरी सैलरी नहीं दी जा रही और किसी भी कर्मचारी का ईएसआई व पीएफ नहीं काटा गया है। उन्होंने मांग की कि इस पूरे मामले की जांच सीबीआई से कराई जाए ताकि सच्चाई सामने आ सके। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि 1 नवंबर तक हटाए गए कर्मचारियों को दोबारा काम पर नहीं लिया गया, तो वे सामूहिक रूप से भूख हड़ताल पर बैठ जाएंगे। आज दोपहर 12 बजे लंच टाइम में कई कर्मचारियों ने धरने स्थल पर पहुंचकर समर्थन जताया।

## लहराड़ा में पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन को लेकर किया जागरूक

**मीतू मनोचा के नेतृत्व में ग्रामीणों को दी जानकारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जीवीएम गर्ल्स कालेज की यूनिवर्सिटी आउटरिच प्रोग्राम की टीम ने लहराड़ा में पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन को लेकर जागरूकता की अलख जगाई। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने प्रेरक आयोजन की सफलता पर बधाई दी। जीवीएम की यूनिवर्सिटी आउटरिच प्रोग्राम टीम की संयोजक प्राध्यापिका मीतू मनोचा के नेतृत्व में सहयोग्री प्राध्यापिका करिश्मा के साथ टीम की छह सदस्य छात्राओं ने गांव लहराड़ा में जागरूकता अभियान चलाया। छात्राओं ने घर-घर जाकर ग्रामीणों को जागरूक करने का प्रयास किया। उन्होंने ग्रामीणों को ऊर्जा संरक्षण के लिए विशेष रूप से प्रोत्साहित किया, जिसके लिए उन्होंने अनुपयोग के समय स्विच बंद रखने की जानकारी दी। छात्राओं ने रसोई के कूड़े के सही प्रकार से निस्तारण के साथ जूट अथवा कपड़े के थैलों का प्रयोग कर पर्यावरण संरक्षण में सहयोगी बनने के लिए प्रोत्साहित किया।


**सोनीपत।** लोगों को जागरूक करते हुए। फोटो :हरिभूमि

## दयानंद सरस्वती ने जीवन निर्माण के लिए अमर ग्रंथ संस्कार विधि का सृजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

आर्य समाज मॉडल टाउन में सात दिवसीय दिव्य वेद आध्यात्मिक सत्संग एवं वेद प्रचार सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। वीरवार को चौथे दिन पुरोहित आचार्य सतन देव सत्यम ने सामवेद की वेदवाणी का पाठ किया। सुरेन्द्र सिंह गुलशन ने महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती के निर्वाण दिवस पर पारिवारिक, देशभक्ति व जीवन निर्माण के सामाजिक गीत प्रस्तुत किये। आचार्य वेदनिष्ठ उषर्बुध ने बताया कि महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती ने जीवन निर्माण के लिए अमर ग्रंथ संस्कार विधि का सृजन किया है।


**सोनीपत।** कार्यक्रम के दौरान उपस्थित प्रबुद्ध जन। फोटो :हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

जिसमें सोलह संस्कारों का उल्लेख किया है। हर माता पिता का कर्तव्य है कि बच्चों को संस्कार विधि के अनुसार सुसंस्कारित करके बच्चों को इस योग्य बनाये। व्यक्तिगत, पारिवारिक, सामाजिक और राष्ट्रीय स्तर पर उन्नति पथ पर अग्रसर होकर विश्व का कल्याण करके कीर्तिमान स्थापित कर सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्रधान अर्जुन देव दुरेजा ने की। मंच संचालन वैदिक प्रवक्ता हरिचंद स्नेही ने किया। स्वामी दयानंद विदेह ने भी स्वामी दयानंद सरस्वती की जीवनी पर आधारित सर्वोत्तम विचार प्रस्तुत करके श्रोताओं को संस्कारित किया। इस दौरान महेश जुनेजा, मंजू आर्य, सुमन भगत, गीता सहगल, सुमन देवी, रेनू रेलन, उषा सपड़ा, कौशल्या अरोड़ा, प्रमोद मल्होत्रा, ज्ञानेश्वर त्यागी भी मौजूद रहे।

### क्विज में तरुण, आरुषि भार्गवी की टीम अव्वल

**सोनीपत।** हिन्दू कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, सोनीपत के साहित्यिक क्लब द्वारा वीरवार को एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 23 टीमों ने भाग लिया, जिनमें प्रत्येक टीम में 3 सदस्य शामिल रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं प्रबंधन छात्र संयोजकों कृतिका,लक्की, समीर, सक्षम एवं वर्षा द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने सामान्य ज्ञान एवं तार्किक क्षमता का उत्कृष्ठ प्रदर्शन किया प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तरुण, आरुषि और भार्गवी की टीम ने प्राप्त किया, जबकि द्वितीय स्थान कुनाल, कमल और कृष की टीम को मिला कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के रूप में कॉलेज निदेशक डीपी सिंह ने विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर कॉलेज के संकाय सदस्य नीरज सैनी, नेहा जैन, नेहा शर्मा, सुमन, पूनम, अनिल अग्रवाल, पुनीत शर्मा एवं परवीन नारंग उपस्थित रहे।

## नृत्य-प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं में दिखाया कौशल

### कार्यक्रमों में लगभग 550 बच्चों ने उत्साहपूर्वक लिया भाग

**बाल महोत्सव : चौथा दिन विविध रंगों से सराबोर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिला बाल कल्याण परिषद सोनीपत के तत्वावधान में आयोजित बाल महोत्सव 2025 की कार्यक्रम श्रृंखला के चौथे दिन का शुभारंभ जिला बाल कल्याण अधिकारी आरती ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें विभिन्न प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। आज के कार्यक्रमों में लगभग 550 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दिनभर आयोजित प्रतियोगिताओं में देशभक्ति समूह गायन, एकल नृत्य (प्रथम व तृतीय समूह), समूह नृत्य, प्रश्नोत्तरी, फैंसी ड्रेस, हिंदी व अंग्रेजी सुलेख (प्रथम व द्वितीय समूह) शामिल रहे। बच्चों ने अपनी प्रतिभा से निर्णायक मंडल को प्रभावित किया। निर्णायक मंडल में सुनीता, अनिता, प्रवीन रोहिल्ला, डॉ. संतोश राठी, पूनम खासा, शेल्जा, रीचा, मोनिका, शिवाली, सुनीता, रविन्द्र और राहुल शामिल रहे। मंच संचालन का कार्य अतर सिंह एपीसी ने कुशलता पूर्वक संभाला। कार्यक्रम में बाल भवन के सभी अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।


**सोनीपत।** जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रस्तुति देती छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

**प्रतियोगिता** दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मुरथल में आयोजन

## नॉर्थ जोन इंटर कॉलेज टूर्नामेंटः साउथ पॉइंट महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने लहराया परचम, जीते चार गोल्ड मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नॉर्थ जोन इंटर कॉलेज टूर्नामेंट में साउथ पॉइंट कॉलेज के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए परचम लहराया है। खिलाड़ियों ने अलग-अलग स्पर्धाओं में विपक्षी खिलाड़ियों को पछाड़ते हुए चार स्वर्ण पदक जीते हैं। यह टूर्नामेंट दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि मुरथल में 27-28 अक्टूबर को आयोजित किया गया, जिसमें खिलाड़ियों ने अपने खेल कौशल से सबको प्रभावित किया। स्वर्ण पदक विजेता चारों खिलाड़ियों का चयन इंटर यूनिवर्सिटी गेम्स के किया गया है।
साउथ पॉइंट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने पदक विजेता खिलाड़ियों का कॉलेज लौटने पर भव्य स्वागत किया। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों के इस प्रदर्शन से कॉलेज का नाम पूरे जोन में रोशन हुआ है। एग्जीक्यूटिव चेयरमैन रोहित खत्री ने कहा, खेल केवल जीत का प्रतीक नहीं, बल्कि अनुशासन, साहस व आत्मविश्वास का भी प्रतीक हैं। वाइस चेयरपर्सन वर्तिका ने कहा कि यह उपलब्धि दिखाती है कि सही मार्गदर्शन और मेहनत से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। सीईओ भावना कालरा व कार्यकारी निदेशक डॉ. ममता सचदेवा ने कहा कि खेल जीवन के हर क्षेत्र में संतुलन और आत्मविश्वास सिखाते हैं।


**सोनीपत।** साउथ पॉइंट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री व कार्यकारी निदेशक डॉ. ममता सचदेवा के साथ पदक दिखाते खिलाड़ी।

**ये बने पदक विजेता**

गन्नौर के गांधी नगर निवासी प्रिंस ने मुक्केबाजी की अंडर-17 आयु वर्ग स्पर्धा में 90 किलोग्राम से अधिक भार वर्ग में स्वर्ण, सोनीपत के लाल दरवाजा निवासी निशेष ने अंडर-20 ताइक्वांडो स्पर्धा के 74 किलोग्राम वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण, अशोक विहार, सोनीपत निवासी अभि ने अंडर-18 कुश्ती स्पर्धा के 79 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण, आईटीआई गेट, कैलाश कॉलोनी निवासी दीपक ने अंडर-20 ताइक्वांडो स्पर्धा के 58 किलोग्राम वर्ग में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया।

## देवउठनी एकादशी : भगवान विष्णु के जागने से आरंभ होंगे शुभ कार्य : मिश्रा

**2 नवंबर को वैष्णव समुदाय करेगा पूजा-तुलसी विवाह**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सनातन धर्म में कार्तिक मास का विशेष धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व माना गया है। यह महीना भगवान विष्णु को समर्पित होता है। मान्यता है कि आषाढ़ शुक्ल पक्ष की एकादशी को भगवान विष्णु क्षीरसागर में योगनिद्रा में चले जाते हैं और कार्तिक शुक्ल पक्ष की एकादशी को जागृत होकर अपने भक्तों का कल्याण करते हैं। भगवान विष्णु के इस जागरण पर्व को देवउठनी या देवुत्थान एकादशी कहा जाता है। इसी शुभ अवसर पर भक्तगण भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की विशेष पूजा-अर्चना करते हैं। यह दिन प्रबोधिनी एकादशी के नाम से भी प्रसिद्ध है। डॉ. मनमोहन मिश्रा के अनुसार, इस वर्ष कार्तिक शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि 1 नवंबर को सुबह 9:11 बजे प्रारंभ होकर 2 नवंबर को सुबह 7:31 बजे समाप्त होगी।

**पूजन विधि**

इस दिन प्रातःकाल स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण करें। पूजा स्थल पर भगवान विष्णु की प्रतिमा स्थापित कर घी का दीपक जलाएं। भगवान को तुलसी दल, पीले पुष्प, फल, पंचामृत और मिठाई अर्पित करें। शाम के समय भगवान को जगाने के लिए शंख और घंटी बजाई जाती है तथा तुलसी पत्र अर्पित कर विधिवत आरती की जाती है। व्रत पारण मुहूर्तः देवउठनी एकादशी का व्रत पारण 2 नवंबर को दोपहर 1:11 से 3:23 बजे तक किया जा सकता है। भक्त इस मुहूर्त में व्रत खोलकर भगवान विष्णु का आशीर्वाद प्राप्त करें। यह दिन भक्ति, श्रद्धा और धर्म की ऊर्जा से जीवन को आलोकित करने वाला पर्व माना जाता है।

**NOTICE**
My name is Madan Singh Chauhan R/o House No 244/23 Chauhan Hospital Kath Mandi Sonipat declare that in my all ids my name is mentioned as Madan Singh Chauhan. But in my wife's passport it is mentioned as Madan singh. I am getting it corrected from Madan Singh to Madan Singh Chauhan in my wife's passport also.

खबर संक्षेप

## थाना साइबर ने जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

**सोनीपत।** पुलिस आयुक्त ममता सिंह, के दिशा-निर्देशानुसार तथा पुलिस उपायुक्त पश्चिमी जोन कुशल पाल सिंह के मार्गदर्शन में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर थाना साइबर सोनीपत की टीम ने निरीक्षक बसंत कुमार के नेतृत्व में का आयोजन हैप्पी चाइल्ड नर्सिंग कॉलेज, सोनीपत में किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को नशा मुक्त भारत अभियान, साइबर अपराधों की रोकथाम, इंटरनेट के दुष्प्रभावों और महिला सशक्तिकरण के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

## छात्राओं ने निबंध लेखन स्पर्धा में दिखाई प्रतिभा

**गोहाना।** हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य में गुरुवार को राजकीय महिला महाविद्यालय गोहाना में अंग्रेजी निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। यह प्रतियोगिता हरियाणा की समृद्ध एवं सांस्कृतिक विरासत हमारी पहचान व संस्कृति को बढ़ावा देना विषय पर आधारित रही। निबंध लेखन प्रतियोगिता में दिव्या व हिमांशी की टीम प्रथम, मंजु व अंजु की टीम द्वितीय जबकि शैलजा व दीप्ति की टीम तृतीय स्थान पर रही।

## विभिन्न कौशलों की जरूरत पर कार्यशाला का आयोजन

**खरखौदा।** कन्या महाविद्यालय खरखौदा में प्राचार्या डॉ. तराना नेगी के निर्देशन और डॉ किरण सरोहा की अध्यक्षता में कैरियर काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से रोजगार क्षमता बढ़ाने हेतु विभिन्न कौशलों की आवश्यकता विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला ईडीईपीटी कंपनी के सहयोग से आयोजित की गई। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को वर्तमान जॉब मार्केट की आवश्यकताओं से परिचित कराना और उन्हें कैरियर के लिए सही दिशा प्रदान करना है।

## गोहाना में 8 को लगेगा जिला स्तरीय कृषि मेला

**सोनीपत।** जिले के किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से आठ नवंबर को गोहाना में जिला स्तरीय कृषि मेले का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में वीरवार को कृषि उपनिदेशक डॉ. पवन शर्मा की अध्यक्षता में विभागीय अधिकारियों की बैठक आयोजित हुई, जिसमें मेले की तैयारियों की समीक्षा की गई और अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटियां तय की गईं।

### कॉलेजों ने निर्णय को बताया जल्दबाजी में लिया कदम, कुलपति ने दी सफाई

# मुरथल विश्वविद्यालय में नया ऑर्डिनेंस बना विवाद का कारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सोनीपत

दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीसीआरयूएसटी) मुरथल में वीरवार को कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह की अध्यक्षता में संबद्ध कॉलेजों के निदेशकों और प्राचार्यों की बैठक में नया शैक्षणिक ऑर्डिनेंस विवाद का विषय बन गया। बैठक का उद्देश्य विश्वविद्यालय और कॉलेजों के बीच संवाद एवं समन्वय बढ़ाना था, लेकिन कॉलेज प्रतिनिधियों ने नए नियमों पर कड़ा विरोध जताया और पुनर्विचार की मांग की।

बैठक के दौरान कुलपति प्रो. सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय का लक्ष्य केवल डिग्री देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के प्रभावी क्रियान्वयन, पाठ्यक्रम सुधार, पारदर्शी परीक्षा प्रणाली, और प्लेसमेंट सुदृढ़ीकरण जैसे मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय शिक्षा की गुणवत्ता में किसी प्रकार का समझौता नहीं करेगा।



सोनीपत। बैठक के दौरान कॉलेज के डायरेक्टर एवं प्रिंसिपल।

### क्या कहते हैं कुलपति

कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने स्पष्ट किया कि विश्वविद्यालय शिक्षा की गुणवत्ता में किसी प्रकार का समझौता नहीं करेगा। उन्होंने कॉलेजों से विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति पर ध्यान देने और एनईपी के लक्ष्यों के अनुरूप पारदर्शी कार्यप्रणाली अपनाने का आग्रह किया। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय का हर संबद्ध संस्थान उसकी शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रतीक है, इसलिए गुणवत्ता, शोध और नवाचार पर फोकस अनिवार्य है।

### भविष्य पर प्रतिकूल असर

*हालांकि, कॉलेजों के प्राचार्यों और चेयरमैनों का ध्यान नए ऑर्डिनेंस पर केंद्रित रहा। इस नियम के तहत यदि कोई विद्यार्थी प्रथम वर्ष में पांच विषयों में पास नहीं हो पाता, तो उसे पूरी कक्षा दोबारा करनी होगी। कॉलेजों का कहना है कि यह नियम विद्यार्थियों के भविष्य पर प्रतिकूल असर डाल सकता है और सैकड़ों छात्रों का शैक्षणिक वर्ष बर्बाद हो सकता है। बैठक में कॉलेजों के प्रतिनिधियों ने सुझाव दिया कि विश्वविद्यालय किसी भी नीति या नियम में बदलाव से पहले औपचारिक चर्चा की प्रक्रिया अपनाए। उनका कहना था कि एनईपी को लागू करना स्वागतयोग्य है, लेकिन कठोर नियमों के चलते विद्यार्थी अनावश्यक दबाव में आ सकते हैं। बैठक में प्रो. एम.एन. मिश्रा, प्रो. पूनम सिंघल, डॉ. योगेंद्र शर्मा और वित्त नियंत्रक सहित कई वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।*

### बिना सूचना के ऑर्डिनेंस लागू किया

इंजीनियरिंग कॉलेज फेडरेशन ऑफ इंडिया के चेयरमैन डॉ. विजयपाल नैन ने विश्वविद्यालय प्रशासन पर बिना पूर्व सूचना या परामर्श के नया ऑर्डिनेंस लागू करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी नीति बदलाव की जानकारी कॉलेजों को बैठक के दौरान ही दी गई, जिससे सभी प्रतिनिधि हैरान रह गए। उनके अनुसार, विश्वविद्यालय को इस तरह के निर्णय लेने से पहले संबद्ध कॉलेजों को विश्वास में लेना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि कॉलेज प्रतिनिधि जल्द ही इस मुद्दे पर आगे की रणनीति तय करने के लिए बैठक बुलाएंगे।

*गोपाष्टमी के अवसर पर निकाली शोभायात्रा*

# गोसेवा की शुरुआत का प्रतीक गोपाष्टमी का पर्व : श्यामदास

हरिभूमि न्यूज ▶▶। गन्नौर

गोपाष्टमी के अवसर पर श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर गोशाला सेवा समिति गढ़ी केसरी द्वारा एक भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा के दौरान भगवान श्री कृष्ण की मूर्ति को पालकी में सजा कर गोशाला तक लाया गया, जहाँ भक्तों ने फूलमालाओं और आरती के साथ उनका स्वागत किया। इस अवसर पर भगवान श्री कृष्ण की मूर्ति से गोमाता का पूजन भी कराया गया, जिसमें गौ भक्तों, ग्वालों और अन्य श्रद्धालुओं ने भाग लिया। प्रणामी गौशाला के संस्थापक श्यामदास महाराज, प्रधान सतपाल शर्मा, नगरपालिका अध्यक्ष अरुण त्यागी तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी गोमाता का पूजन किया। इस पूजा के बाद, सभी भक्तों को भंडारे का प्रसाद वितरित किया गया, जिससे आयोजन में शामिल सभी लोग आनंदित हुए। श्यामदास महाराज ने बताया कि गोपाष्टमी का महत्व गौ सेवा की शुरुआत के रूप में माना जाता है। इस धार्मिक उत्सव ने न केवल भक्तों को आध्यात्मिक आनंद प्रदान किया, बल्कि गो सेवा के महत्व को भी उजागर किया।



गन्नौर। शोभा यात्रा के दौरान पालकी उठाए हुए गोशाला समिति के संस्थापक श्यामदास महाराज साथ में प्रधान सतपाल शर्मा।

## राई मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर कल

**राई।** नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन सोनीपत द्वारा 1 नवंबर को रक्तदान शिविर का आयोजन राई मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल में किया जाएगा। एसोसिएशन के प्रधान व राई मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल के डायरेक्टर डाक्टर मनोज राय ने बताया कि रक्तदान शिविर का शुभारंभ राई विधायक कृष्णा गहलावत करेंगी। रक्तदान शिविर का लक्ष्य समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना और जरूरतमंद मरीजों की मदद करना है। संस्था के सचिव डॉक्टर विकास सैनी ने बताया कि शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों और प्रशिक्षित स्टाफ की देखरेख में रक्तदान कराया जाएगा। सभी रक्तदाताओं की पहले स्वास्थ्य जांच की जाएगी और उन्हें प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। रक्त संग्रह के बाद उसे सुरक्षित रूप से ब्लड बैंक को सौंपा जाएगा ताकि आवश्यकता पड़ने पर मरीजों को तत्काल रक्त उपलब्ध कराया जा सके। कार्यक्रम के दौरान नीमा सोनीपत की टीम के साथ स्थानीय डॉक्टर, सामाजिक कार्यकर्ता और युवाओं की भी भागीदारी रहेगी। संस्था का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करना है।



मनोज राय ।

## रफ फॉर यूनिटी से एक भारत श्रेष्ठ भारत का संदेश दें : अंजलि

**गोहाना।** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर बुटाना गांव में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर एसडीएम अंजलि श्रोत्रिय ने अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने कार्यों को समय पर पूरा करें और कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न कराने में सहयोग करें। रन फॉर यूनिटी को सुबह 6 बजे गांव बुटाना स्थित बस क्यू सेंटर नजदीक गंगाना रोड से भाजपा नेता प्रदीप सांगवान बतौर मुख्यातिथि हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। एसडीएम ने गोहाना क्षेत्र के सभी नागरिकों का आह्वान किया कि वे सभी रन फॉर यूनिटी में भाग लेकर एक भारत श्रेष्ठ भारत का संदेश दें।



अंजलि श्रोत्रिय



गोहाना। विजेताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए शिक्षक।

## अंग्रेजी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में जूपिटर सदन ने मारी बाजी

गोहाना। महम रोड स्थित जेकेआर पब्लिक स्कूल में गुरुवार को अंग्रेजी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में मेधावी विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विजेताओं को स्कूल के एमडी राजबीर राठी ने प्रशस्ति पत्र प्रदान करके सम्मानित किया। अंग्रेजी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता कक्षा छठी से लेकर कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई। प्रतियोगिता के वरिष्ठ और कनिष्ठ दोनों वर्गों में जूपिटर सदन की टीम अव्वल रही। वरिष्ठ वर्ग में यूरेनस और अर्थ सदन जबकि कनिष्ठ वर्ग में यूरेनस सदन और मार्स सदन की टीमें क्रमशः द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहीं। शैक्षणिक कार्यवाहक महेंद्र पाराशर ने बच्चों के कौशल की सराहना की। प्रतियोगिता के लिए संयोजन स्कूल के अंग्रेजी विभाग इंचार्ज पवन यादव का रहा।

# बी.आर. ग्लोबल विद्यालय के छात्रों ने खंड स्तरीय प्रतियोगिताओं में बाजी मारी

- विद्यालय के कनिष्ठ वर्ग के छात्रों ने अंडर-11 खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेकर कई पदक जीते

हरिभूमि न्यूज ▶▶। गन्नौर

खेड़ी रोड स्थित बी. आर. ग्लोबल विद्यालय के विद्यार्थियों ने सरकार द्वारा आयोजित खंड स्तरीय विभिन्न स्कूल खेल प्रतिस्पधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के कनिष्ठ वर्ग (कक्षा 3 से 5) के छात्रों ने अंडर-11 खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेकर कई पदक अपने नाम किए। शैक्षणिक निदेशिका पूजा पहल ने बताया कि शॉट पुट प्रतियोगिता में यश पहल पुत्र अजय और विधि पुत्री नितेश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि अवनी पुत्री सुशील ने द्वितीय स्थान हासिल किया। 200 मीटर दौड़ में यश पुत्र सनम ने द्वितीय स्थान और विहान पुत्र रविंद्र ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। 400 मीटर दौड़ में भी यश पुत्र सनम और अंजलि पुत्री सतीश ने शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। लॉन्ग जम्प में अंजलि ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही योग प्रतिस्पर्धा में प्रियांशी (सुपुत्री श्री मनमोहन) ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। अब चयनित प्रतिभागियों की निगाहें आगामी जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं पर टिकी हैं, जहां वे अपने प्रदर्शन से एक बार फिर विद्यालय का नाम ऊंचा करने का प्रयास करेंगे। विद्यालय के निदेशक राकेश यादव, शैक्षणिक निदेशिका पूजा पहल, उप प्रधानाचार्या मंजू सहरावत ने कहा कि यह उपलब्धियां छात्रों की मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम हैं।



गन्नौर। प्रतिस्पर्धा में विजेता उप प्रधानाचार्या पूजा पहल स्कूल के मेधावी छात्रों के साथ ।


मार्केट न्यूज

## फिम्स की चीफ ऑप्रेशन्स आफिसर डॉ0 नेहा अग्रवाल ने सुप्रसिद्ध क्रिकेटर सुनील गावस्कर और पूर्व केंद्रीय स्वास्थ्य एंव परिवार कल्याण राज्य मंत्री अश्विनी चौबे के हाथों प्राप्त किया सम्मान

सोनीपत। फ्रैंक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (फिम्स अस्पताल) को मल्टी-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल ऑफ द ईयर 2025 के प्रतिष्ठित सम्मान से नवाजा गया है। हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित विशाल ग्लोबल हेल्थकेयर कॉन्क्लेव-2025 में यह सम्मान फिम्स की और चीफ ऑप्रेशन्स आफिसर डॉ0 नेहा अग्रवाल व सी0 एम0 डी0 डॉ0 अनिल जैन ने सुप्रसिद्ध क्रिकेटर रहे सुनील गावस्कर तथा पूर्व केन्दवीय स्वास्थ्य एंव परिवार कल्याण राज्य मंत्री- अश्विनी चौबे के कर-कमलों से प्राप्त किया। फिम्स हॉस्पिटल को उत्तर भारत का यह पुरस्कार-उत्कृष्ट रोगी-केंद्रित दृष्टिकोण, चिकित्सा क्षेत्र में नवाचार के प्रति अटूट समर्पण एंव सर्वोत्तम स्वास्थ्य सेवाओं के कारण मिला है। फिम्स के प्रबंध निदेशक रजत जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि यह पुरस्कार मिलना न केवल फिम्स, अपितु पूरे सोनीपत और छब्द क्षेत्र की जनता-जनार्दन के लिए गौरव का विषय है। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हमारी सर्वश्रेष्ठ चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता, अत्याधुनिक तकनीक के उपयोग तथा अनुभवी डॉक्टरों और प्रशिक्षित स्टाफ की कडी मेहनत का परिणाम है। जनता से मिले अपार स्नेह व सहयोग के कारण अप्रैल 2015 में 140 बिस्तर क्षमता से स्थापित इस अस्पताल की क्षमता अब बढकर 250 हो गई है। अब यह मल्टी सुपर स्पेशियलिटी टीचिंग हॉस्पिटल भी है।






गोहाना। दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ करते कुलपति प्रो. सुदेश व अनिल मलिक। फोटो : हरिभूमि

## पद नहीं, व्यक्तित्व व्यक्ति की असली पहचान : सुदेश

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) में गुरुवार को शिक्षा विभाग द्वारा हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद के तत्वावधान में सेमिनार आयोजित किया गया। इसका विषय सफलता का व्यक्तिगत ब्रांड आत्म-सम्मान, आत्म-विश्वास और आत्म-सशक्तिकरण रहा। मुख्य अतिथि विवि की कुलपति प्रो. सुदेश थीं। मुख्य वक्ता डिविनल चाइल्ड वेलफेयर ऑफिसर व स्टेट नोडल ऑफिसर, रोहतक अनिल मलिक थे। रूपरेखा सेमिनार निदेशक व शिक्षा विभाग की चेयरपर्सन प्रो. वरुणा तहलान दहिया ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुति की। कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि आज हर कोई दौड़ में है। कोई पद पाने की, कोई प्रसिद्धि की तो कोई पहचान हासिल करने के लिए दौड़ रहा है। लेकिन क्या कभी हमने सोचा है कि इस भीड़ में हमारी अपनी पहचान क्या है और क्या चीज हमें भीड़ से अलग बनाती है। कुलपति ने कहा कि किसी व्यक्ति की सबसे बड़ी पहचान, उसका नाम या उसका पद नहीं होता। बल्कि उसका व्यक्तित्व, उसकी सोच और उसके मूल्य ही उसके व्यक्तित्व ब्रांड की पहचान होते हैं। मुख्य वक्ता अनिल मलिक ने कहा कि आज के आयोजन का विषय ऐसा है जो न केवल सफलता से जुड़ा है, बल्कि हमारे पूरे व्यक्तित्व और जीवन दर्शन का मूल आधार है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण का सबसे बड़ा उदहारण स्वयं महिला विवि की कुलपति प्रो. सुदेश हैं, जो एक ग्रामीण परिवेश से निकल कर आज उत्तर भारत की एकलौती महिला विश्वविद्यालय के कुलपति पद को सुशोभित कर रहीं है। मलिक ने आगे कहा कि निष्ठा और निस्वार्थ भाव से काम करने के लिए किसी सहारे की जरूरत नहीं होती। महिलाएं बायोलॉजिकल पुरुषों से सशक्त हैं। कार्यक्रम का मंच संचालन डा. गोल्डी गुप्ता ने किया।


हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005


## रिजर्व लिस्ट में 37वीं रैंक हासिल करने पर निकिता को दी बधाई



राई। भाजपा की जिला उपाध्यक्ष सोनिया मोर निकिता दहिया को बधाई देते हुए ।

राई। आत्म-विश्वास और कड़ी मेहनत से रोहट गाँव की निकिता दहिया के यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा की रिजर्व लिस्ट में 37वीं रैंक हासिल करने पर भाजपा की जिला उपाध्यक्ष सोनिया मोर ने निकिता के घर जाकर उन्हें और उनके माता-पिता को व्यक्तिगत रूप से बधाई दी। सोनिया मोर ने बताया किभारतीय सेना की पृष्ठभूमि से ताल्लुक रखने वाली निकिता के पिता, सूबेदार विनोद दहिया, भारतीय सेना की 19 राजपूताना राइफल्स में सेवारत रहे हैं।

# गांव रेवली में बनने वाला पार्क होगा आधुनिक : गहलावत

- विधायक कृष्णा गहलावत और मेयर राजीव जैन ने पार्क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। राई

राई विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों को नई दिशा देते हुए विधायक कृष्णा गहलावत ने गांव रेवली में लगभग दो करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले आधुनिक पार्क का शिलान्यास किया। इस अवसर पर नगर निगम मेयर राजीव जैन भी मौजूद रहे। विधायक व नगर निगम मेयर का गांव में पहुंचने पर ग्रामीणों ने फूलमालाओं से स्वागत किया । कार्यक्रम की शुरुआत पूजा-अर्चना के साथ हुई, जिसके बाद विधायक कृष्णा गहलावत और मेयर राजीव जैन ने संयुक्त रूप से पार्क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।



राई। विधायक गहलावत आधुनिक पार्क का शिलान्यास करते हुए साथ में मेयर राजीव जैन।

### जीवन में स्वच्छ वातावरण का महत्व

विधायक कृष्णा गहलावत ने अपने संबोधन में कहा कि यह पार्क रेवली गांव के लोगों के लिए एक नई सौगात है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति के जीवन में स्वच्छ वातावरण और हरियाली का विशेष महत्व है। शिलान्यास समारोह में एक्सईएन अजय निराला, एसडीओ सोमवीर, रेनू, प्रवीन सैनी, नीरज डागर, जेपी रेवली, रहतू नम्बरदार, कृष्ण नान्हा बैरागी, गुलाब डागर, नरेश डागर, रविंद्र डागर, सतीश रेवली, अमित डागर, मोहित डागर, नारायण डागर, राकेश डागर, राकेश सैनी, पवन नाई आदि मौजूद रहे।

त्योहार | गोपाष्टमी: विद्यार्थियों ने गोशाला का शैक्षणिक भ्रमण किया

# सरस्वती स्कूल के बाल विद्यार्थियों ने गायों की उतारी आरती

हरिभूमि न्यूज ▶▶। गोहाना

गुरुवार को गोपाष्टमी पर्व पर गांव बिचपड़ी में सफीदों मार्ग स्थित सरस्वती विद्यालय की बाल वाटिका विद्यार्थियों ने गांव ठसका स्थित श्री नंदलाला गोधाम गोशाला का शैक्षणिक भ्रमण किया। विद्यालय के प्राचार्य आशीष गोयल ने विद्यार्थियों को बताया कि सनातन संस्कृति में गाय को मां का दर्जा दिया गया है। इसका दूध भी पोषक तत्वों से भरपूर होता है। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान बाल विद्यार्थियों ने गोशाला में गायों की आरती उतारी और उनको गुड़, रोटी व चारा खिलाया। विद्यार्थियों ने गोशाला में मिनी चिड़ियाघर देखने का लुत्फ भी उठाया। गोशाला में विद्यार्थियों को गोपाष्टमी पर्व को लेकर नमकीन बूंदी का प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर गोशाला समिति के सदस्य सुमित मित्तल ने विद्यालय को गोमाता का स्मृति चिह्न भेंट किया।



गोहाना। गाय को पुचकारते हुए सरस्वती विद्यालय बिचपड़ी के बाल विद्यार्थी।



## गोमाता की पूजा से संतुष्ट होते सभी देवी-देवता : जैन

*सोनीपत। नगर निगम मेयर राजीव जैन ने कहा कि गोपाष्टमी का पर्व हमें अहंकार को त्यागकर सर्व समाज की सेवा करने का सन्देश देता है और गोमाता की पूजा करने से सभी देवी देवता संतुष्ट होते हैं क्योंकि गौमाता के शरीर में 36 करोड़ देवी देवताओं का वास है। राजीव जैन ने वीरवार को जटवाड़ा स्थित प्राचीन गौशाला में पंहुचकर गोपाष्टमी पर्व की बधाई दी और विधि विधान से गौमाता की पूजा कर आशीर्वाद लिया। इस मौके पर गौशाला प्रबंधकों की तरफ से विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया।*



## गोमाता की सेवा सौभाग्य की बात : विधायक

*सोनीपत। विधायक निखिल मदान वीरवार को गोपाष्टमी के अवसर पर जटवाड़ा गौशाला में पहुंचे। निखिल मदान ने पूरे विधि विधान से गौ माता की पूजा अर्चना की और गौ माता को गुड़ और हरा चारा खिलाया। विधायक निखिल मदान ने बताया कि गऊ माता की सेवा करना बड़े सौभाग्य की बात है। निखिल मदान ने गऊशाला में मौजूद समस्त क्षेत्रवासियों को गोपाष्टमी की शुभकामनाएं दी और गौ शाला के बाहर भंडारे में प्रसाद वितरण किया। विधायक ने कहा कि गौपाष्टमी हिंदू धर्म में एक महत्वपूर्ण पर्व है, जो गायों की पूजा के लिए मनाया जाता है। विधायक निखिल मदान ने कहा कि हम सबको इस गोपाष्टमी पर गौपालन, गौसेवा, गौरक्षा तथा उनके संरक्षण व संवर्धन का संकल्प लेना चाहिए।*